हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

## कार्रवाई: वन माफियाओं से 5 लाख से अधिक की लकड़ी जब्त

# सागौन तस्करी का भंडाफोड़, कापसी वन अमले की कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर/भानुप्रतापपुर

पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल के कापसी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपली में की 5 लाख की अवैध लकड़ी जप्त किया गया है, इस बड़ी कार्रवाई ने लकड़ी माफियाओं की नींद उड़ा दी है। सागौन की अवैध तस्करी के इस सुनियोजित खेल का पर्दाफाश करते हुए वन अमले ने लाखों रुपये की कीमती लकड़ी जप्त कर यह साफ कर दिया है कि अब जंगलों की लूट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी के अनुसार कापसी (सामान्य) वन परिक्षेत्र के उप परिक्षेत्र बड़गांव के अंतर्गत ग्राम पिपली में दो व्यक्तियों 40 वर्षीय मनोहर कुमेटी पिता स्व. छेरका राम कुमेटी एवं इसका भाई 35 वर्षीय मनोज कुमेटी के नाम पर सर्च वारंट जारी किया गया। वारंट के आधार पर उनके मकान, बाड़ी एवं खलिहान की सघन तलाशी लिया गया, जहां अवैध रूप से संग्रहित सागौन लकड़ी का भंडार मिला। तलाशी के दौरान वन अमले ने सागौन चिरान फारा 682 घन मीटर, सागौन चौखट-कड़ी 63 नग (0.932 घन मीटर) तथा सागौन लट्ठा 11 नग (3.935 घन मीटर) सहित कुल 254 नग सागौन लकड़ी (7.549 घन मीटर) जप्त किया। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग सवा 5 लाख रूपएं आँका गया है। इस बड़ी बरामदगी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र में लकड़ी तस्करी संगठित रूप से संचालित हो रही थी। वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी (सा.) डीडी तारम ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध क्रमशः पीओआर क्रमांक 312/03 एवं 312/02 (दिनांक 31/01/2026) के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है।





प्रकरण भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 52 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1969 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मेरी टीम आरोपियों से पूछताछ करके पता लगा रही है कि यह लकड़ी किस जंगल से काटी गई थी और इस खेल में किस तरह के लोग शामिल है। जानकारी मिलने पर इस तस्करी में शामिल अन्य चेहरों को भी उजागर किया जाएगा। आरोपियों के द्वारा जानकारी मिलने के बाद भी स्पष्ट हो पाएगा कि जप्त सागौन चिरान किसके लिए लाकर रखा गया था।

### लकड़ी माफिया बख्शे नहीं जाएंगे

वनमंडलाधिकारी पश्चिम भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे ने बताया कि वन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मैदानी अमले को नियमित बैठकों, रात्रि गश्ती, तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार वन भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी हाल में लकड़ी चोरी करने वाले माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसी कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### कार्रवाई में रहे शामिल

इस सफल अभियान में उपवनमंडलाधिकारी (पूर्व कापसी) आरएन सोरी (स.व.सं.), वनपाल जीआर जुर्री, कविता नरेटी सहित वनरक्षक अनिल नेताम, पुष्पेन्द्र यादव, यमुना साहु, गणेश्वरी राणा, गर्नेशिया ध्रुव, शासकीय वाहन चालक प्रणव महलदार एवं अनिल नेताम, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जयलाल सलाम एवं तपन माली की सक्रिय भूमिका रही। इस कार्रवाई में पुलिस थाना बड़गांव का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।









## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद

**नारायणपुर।** हरिभूमि–आईएनएच के 31 जनवरी को ऑडिटोरियम में आयोजित जिला संवाद में उत्कृष्ट सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का सम्मान किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधि एवं उद्योग के प्रबंधकों से विभिन्न विषय पर चर्चा की गई।


संजय नंदी अधिवक्ता भाजपा नेता को स्मृति चिन्ह देते हरिभूमि और आईएनएच के एजीएम निलेश द्विवेदी।



मालक ट्रक यूनियन के जिला अध्यक्ष किशोर आर्य को स्मृति चिन्ह देते आईएनएच न्यूज के ब्यूरो चीफ मोहम्मद इमरान खान।


जिपारी संघ के जिला अध्यक्ष पंकज जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ शेख महमूद।


भाजपा नेता जय प्रकाश शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्टेट ब्यूरो हेड शैलेश पांडे।


बस्तर सांसद महेश कश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्टेट ब्यूरो हेड शैलेश पांडे, एजीएम निलेश द्विवेदी और नारायणपुर जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद इमरान खान।


पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवा करने पर श्याम लाल सलाम को स्मृति चिन्ह भेंट करते बस्तर सांसद महेश कश्यप।


जायसवाल निक्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, छोटेडोंगर के उप महाप्रबंधक हर्ष नारायण झा के साथ चर्चा करते नारायणपुर जिले के ब्यूरो चीफ मोहम्मद इमरान खान।


रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज को स्मृति चिन्ह भेंट करते एजीएम निलेश द्विवेदी व अन्य।


जनसंवाद में उपस्थित जन समूह और जन प्रतिनिधि।

### खबर संक्षेप

### विश्व वेटलैंड दिवस पर दलपत सागर में कराया गया पक्षी दर्शन



**जगदलपुर।** वन विभाग ने विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर सोमवार की सुबह दलपत सागर में पक्षी दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। जैव विविधता के महत्व को रेखांकित करना और प्रवासी, स्थानीय पक्षियों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों प्रतिभागियों को पक्षियों की प्रजातियों की पहचान, उनके प्राकृतिक आवास, जीवन चक्र, संरक्षण उपायों और पारिस्थितिकी तंत्र में वेटलैंड की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बर्ड वॉचिंग गतिविधि के अंतर्गत बगड़ी जलाशय क्षेत्र में मौजूद प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की कई प्रजातियों को नजदीक से देखा गया, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। दूरबीन और गाइड के माध्यम से पक्षियों के व्यवहार को समझने का अवसर भी मिला। इसके साथ ही सुरक्षित पर्यावरण का संदेश दिया गया, इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वन विभाग के डीएफओ सहित एसडीओ देवलाल दुग्गा, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा, पक्षी विशेषज्ञ सूरज कुमार, यूगल, अधिकारी-कर्मचारी, पर्यावरण प्रेमी, स्थानीय नागरिक, स्वयंसेवी संगठन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### मां दंतेश्वरी सेवा समिति के सदस्य संभालते हैं भक्तों के जूते-चप्पल



**जगदलपुर।** माँ दंतेश्वरी सेवा समिति जगदलपुर द्वारा विगत 20 वर्षों से श्री बालाजी मंदिर, जगदलपुर के वार्षिक महोत्सव के दौरान मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के जूते-चप्पलों की निःशुल्क देखरेख सेवा निरंतर की जा रही है। यह सेवा श्री बालाजी मंदिर के कल्याण मंडप स्थित हॉल में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाती है। बी. केशव राव के मार्गदर्शन में ए. अप्पाराव, ई. नागभूषण राव, बी. दंतेश्वर राजु, सीएन माली, जितेंद्र श्रीवास्तव, दंतेश्वर राव, बंटी झज्ज, कमलेश, बलराम नायडु,के सत्यनारायण, दंती तम्मुडु,बी गणपत राव,शंभूनाथ पटेल सहित सेवा समिति के अनेक स्वयंसेवक हर वर्ष इस पुनीत कार्य में सक्रिय रूप से जुटे रहते हैं। स्वयंसेवकों का यह समूह बीते दो दशकों से श्री बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। बी. केशव राव ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दौरान मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में हजारों जोड़े जूते-चप्पलों को सुव्यवस्थित रूप से सँभालना एक बड़ी चुनौती होती है।

### गोंधल पूजन, परिचय सम्मेलन और समाजजनों का सम्मान बना आकर्षण

# खंडोबा मंदिर में श्रद्धा व भक्ति के साथ मना 53वां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

छत्तीसगढ़ मराठा समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने बताया कि खंडोबा मंदिर में जिला मराठा समाज द्वारा 53वां श्री खंडोबा वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटिंग से आकर्षक रूप से सजाया गया।

सुबह 9 बजे से गोंधल पूजन की शुरुआत हुई, जिसे कराने नागपुर से आमंत्रित विश्वनाथ चौहान बत्तिसे विशेष रूप से उपस्थित रहे। गोंधल पूजन में 14 दंपतीयों ने सहभागिता की। पूजन पूरी रात चलता रहा और सुबह 5 बजे महाआरती के साथ विधिवत समापन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके साथ ही बिलासपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए वरिष्ठजनों में माधो राव भोंसले, सुरेश राव शिंदे, नरेश गायकवाड़, दिवाकर भोंसले, निशि शिंदे, हेमा ढीगे,सन्नी महाडिक,गिरधर राव आहेर, बी आर मराठा,शंशा क शिंदे आदि समाज के सहयोगियों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों का सम्मान डॉ. सुधाकर बिबे एवं रमा कदम द्वारा किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी रहे। उनका पारंपरिक पेशवाई पगड़ी युवाओ के द्वारा मातृशक्तियों एवं युवा मराठा सेना द्वारा तलवार भेंट कर सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राघोबा महाडिक, महेंद्र जाधव, आशीष शिंदे, राजेंद्र घाटगे, ललित जाचक, नंदकिशोर भोंसले, किशोर जाधव, गंगोत्री पालकर, सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



#### अतिथियों ने व्यक्त किए अपने विचार

स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष-शंशाक चौहान ने कहा कि खंडोबा की कृपा हम सब पर बनी हुई। जिसका प्रत्यक्ष उदारहण इस मंदिर का कायाकल्प होना है। माननीय अरुण साव उप मुख्य मन्त्री जी ने इस मंदिर के सौंदर्यी करण में अपना अमूल्य योगदान दिया है आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश वासियो का धन्यवाद है। मुख्य अतिथि की आसन्दी से उप मुख्य मंत्री -अरुण साव ने कहा कि भारत को गुलामी से आजाद कराने में मराठा योद्धाओ का योगदान सराहनीय रहा। जीजा माता ने यदि शिवाजी जी को जन्म नहीं दिया होता तो देश आजाद नहीं हो पाता हम भारत वासी उनके ऋण को नहीं चूका सकते है। उन्होंने मराठा समाज के खंडो बा मंदिर के सौंदर्य करण के जो भी सहयोग होगा देने की घोषणा की. विष्शिठ अतिथि राघोबा महाडिक ने बिलासपुर मराठा समाज को बधाई देकर समाज की बैठकों के माध्यम से विभिन्न रीति रीवाज को एक रुपता प्रदान करने समाज को एक सूत्र में बांधने का आह्वान किया। सभा को सुधाकर बिबे, राधवेन्द्र राव भोंसले, शोभा बिबे आदि ने सम्बोधित किया. कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने अपनी आकर्षक भाषा शैली में कर सबका मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन आस्था बाकरे ने किया। छत्तीसगढ़ से आए सभी मराठा बंधुओं के लिए बी.आर. मराठा परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों, महिला मंडल एवं युवा मराठा सेना का विशेष योगदान रहा।

## अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में कोंडागांव की बेटियों ने लहराया परचम



**कोंडागांव।** 31 जनवरी 2026 को नारायणपुर में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2026 के पांचवें सीजन में कोंडागांव की युवतियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। 21 किलोमीटर की इस कठिन दौड़ में 7,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया, जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहीं युवतियों ने भी दमखम दिखाया। मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जागेश्वरी कोर्राम ने छठवां स्थान, अनीता ने दसवां स्थान व संतों ने ग्यारहवां स्थान हासिल किया। तीनों धाविकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मैराथन में मेडल जीतकर विकास नगर स्टेडियम, कोंडागांव पहुंचने पर विजेता धाविकाओं जागेश्वरी कोर्राम, अनीता और संतों का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के पदाधिकारियों ने फूल–मालाओं से स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विजेता धाविकाओं ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व सैनिकों द्वारा दिए जा रहे नियमित दौड़ प्रशिक्षण को दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन अनुशासित अभ्यास और मार्गदर्शन के कारण ही वे इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल जीत सकीं।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य श्रीकांत तिवारी, राकेश धीवर, चंद्रहास वर्मा सहित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियां उपस्थित रहे। अबूझमाड पीस हाफ मैराथन में कोंडागांव की बेटियों की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि युवतियों के आत्मविश्वास और अनुशासन की मिसाल भी है।

खबर के साथ

## केंद्रीय बजट कौशल, तकनीक और रोजगार से 'विकसित भारत' की मजबूत नींव : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी,समावेशी एवं भविष्य-उन्मुख बताया गया है। बजट में कौशल विकास,तकनीक,रोजगार और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने पर विशेष जोर दिया गया है।



सांसद के अनुसार देश की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रक्षा बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे सामरिक क्षमता के साथ-साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को मजबूती मिलेगी। रेल और ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के साथ 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग विकसित करने की घोषणा से कनेक्टिविटी में सुधार और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना जताई गई है। सांसद कश्यप ने बताया स्वास्थ्य क्षेत्र में 3 नए आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना तथा मेडिकल टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए 5 मेडिकल हब विकसित किए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कैंसर की 17 दवाओं एवं हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को आयात शुल्क से मुक्त कर आम जनता को बड़ी राहत दी गई है। श्री कश्यप ने कहा बजट में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। देश के लगभग 800 जिलों में बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण,महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमी महिलाओं के लिए लखपति दीदी मॉडल पर सीमार्ट की स्थापना से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन को रोजगार के बड़े साधन के रूप में विकसित करने के साथ नारियल प्रोत्साहन योजना,500 तालाबों एवं अमृत सरोवरों का विकास,चंदन उद्योग का पुनरुत्थान तथा काजू और कोको को वैश्विक पहचान दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

**एआई को कई क्षेत्रों में लागू करने का प्रावधान किया गया :** सांसद के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भविष्य की प्रमुख तकनीक के रूप में स्थापित करते हुए इसे सरकारी सेवाओं, कृषि,स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू करने का प्रावधान किया गया है, जिससे देश का कार्यबल वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार हो सकेगा। युवाओं के लिए कौशल विकास,तकनीकी शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देते हुए स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन और सेवा क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होने की संभावना जताई गई है। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और प्रशिक्षण संस्थानों को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। कहा गया कि कर्तव्य भवन में प्रस्तुत यह बजट आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास,सबका विश्वास" की भावना पर आधारित है,जिससे गरीब, किसान, युवा,महिला, श्रमिक और मध्यम वर्ग को सशक्तिकरण की दिशा में ठोस लाभ मिलेगा।

## मातृभाषा में शिक्षण बना सीखने का सशक्त माध्यम

**कोंडागांव।** प्राथमिक विद्यालय स्तर पर मातृभाषा में शिक्षण बच्चों के लिए अत्यंत प्रभावकारी और कारगर सिद्ध हो रहा है। इसी सोच को व्यवहार में उतारते हुए शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल, संकुल सोनाबाल, तहसील मर्दापाल, विकासखंड एवं जिला कोंडागांव में प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास द्वारा मातृभाषा आधारित शिक्षण का शत–प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है।

विद्यालय में कुल 43 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 20 बालिकाएं और 23 बालक शामिल हैं। इनमें अधिकांश विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति समुदाय से हैं, जबकि कुछ अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए प्रधान अध्यापक द्वारा स्थानीय हल्बी बोली को शिक्षण का माध्यम बनाया गया है। कक्षा में सारा संवाद बच्चों की मातृभाषा में होने से वे विषयवस्तु को आसानी से समझ पा रहे हैं।

**स्थानीय संस्कृति से जुड़ा शिक्षण :** पांच दिवसीय 'दियारी' तिहार के उपरांत बच्चों से उनके पर्व से जुड़े अनुभव मातृभाषा में साझा कराए गए। इससे न केवल उनकी भाषा दक्षता बढ़ी, बल्कि वे अपनी स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति भी जागरूक हुए।

**शिक्षक की पहल बनी प्रेरणा :** अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास ने बच्चों को सरल, सहज और प्रभावी शिक्षण देने के लिए स्वयं हल्बी भाषा सीखने में अथक परिश्रम किया और उसमें दक्षता प्राप्त की। हाल ही में उन्होंने 'मातृभाषा में शिक्षण' विषय पर एक स्वरचित मौलिक कविता को फ्लैक्स में छपवाकर खंड स्रोत समन्वयक केंद्र कोंडागांव को भेंट किया, ताकि अन्य शिक्षक भी इस नवाचारी पहल से प्रेरित हो सकें।



**नई शिक्षा की दिशा में सशक्त कदम :** मातृभाषा आधारित शिक्षण से बच्चों में आत्मविश्वास, समझने की क्षमता और सीखने की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। यह पहल निश्चित रूप से प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक अनुकरणीय मॉडल बनकर उभर रही है।

### 3.04 लाख का 6.09 किलो गांजा जब्त

**जगदलपुर।** शहर के नयामुंडा में बोधघाट थाना की पुलिस ने एक घर में तलाशी कर 3.04 लाख का 6.09 किलो अवैध गांजा जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित अवैध गांजा बिक्री करने के लिए महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। सूचना पर थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्यवाही हेतु तत्काल नयामुण्डा संदेही आरोपी महिला के घर जाकर तलाशी लेने पर काले रंग के बैग के अंदर खाकी रंग के सेलो टेप में लिपटा पांच पैकेट में 6.090 किलो किमती 3 लाख 4 हजार 750 रूपए का अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में 18 से 27 फरवरी तक होगा 10 दिवसीय अनुष्ठान

# देवी भागवत महापुराण आयोजन की तैयारियां तेज, रूपरेखा को दी गई अंतिम मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आगामी 18 से 27 फरवरी तक मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले तीसरे 10 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण अनुष्ठान की तैयारियों को लेकर रविवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुष्ठान से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी को भव्य शोभायात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात 19 से 27 फरवरी तक प्रतिदिन देवी भागवत कथा, दंतेश्वरी चालीसा का पाठ एवं नौ दिनों तक नौ देवियों की पालकी नगर में निकाली जाएगी। आयोजन को धार्मिक गरिमा और सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न करने के लिए व्यवस्थाओं, समय-सारिणी एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न समाजों द्वारा अलग-अलग दिनों में पालकी निकाली जाएगी तथा प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी समाजों द्वारा निभाई जाएगी। आयोजन में सभी समाजों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर प्राप्त हो सके।



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आयोजन की तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए आगामी 7 फरवरी, शनिवार को शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ मंदिर में एक और बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी हिंदू समाजों एवं विभिन्न संगठनों से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष धरमचंद शर्मा की सलाह एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

#### देवी भागवत महापुराण आयोजन तिथि और प्रमुख कार्यक्रम

मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में 18 फरवरी को शोभायात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत महापुराण अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। 19 से 27 फरवरी तक प्रतिदिन देवी भागवत कथा, दंतेश्वरी चालीसा पाठ और नौ दिनों तक नौ देवियों की पालकी निकाली जाएगी। आयोजन में विभिन्न समाजों द्वारा पालकी एवं प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी निभाई जाएगी,जिसमें सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

# प्रधानमंत्री आवास का दंतेवाड़ा मॉडल अब असम में भी होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकसित दंतेवाड़ा मॉडल अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है।

इस क्रम में विगत दिवस इस मॉडल की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए असम राज्य से आए अधिकारियों के दल ने दंतेवाड़ा पहुंचकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। इस दल में असम राज्य से आए अधिकारियों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, असम के संयुक्त आयुक्त धुबज्योति नाथ (एसीएस), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के राज्य परियोजना अभियंता रंजीत दास एवं नीलोत्पल मिश्रा शामिल रहे।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी उपायुक्त राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय तथा महात्मा गांधी नरेगा के सहायक अभियंता सोमकांत साहू भी निरीक्षण में उपस्थित थे। उपरोक्त अधिकारियों की माने तो दंतेवाड़ा मॉडल से प्रभावित होकर अब असम में भी इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने



प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संचालित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया और प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी प्रक्रिया, सामग्री की जांच तथा निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दंतेवाड़ा मॉडल के माध्यम से आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें राजमिस्त्री प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं स्थानीय ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण, सुरक्षा मानक, सामग्री की पहचान एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है. वहीं दूसरी ओर आत्मसमर्पित नक्सलियों को सम्मानजनक आजीविका भी प्राप्त हो रही है।

असम से आए अधिकारियों ने दंतेवाड़ा प्रशासन द्वारा अपनाए गए इस नवाचारी मॉडल की सराहना करते हुए इसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास, विश्वास बहाली और विकास का प्रभावी उदाहरण बताया। अधिकारियों के अनुसार, दंतेवाड़ा मॉडल को असम में लागू किए जाने से वहां भी ग्रामीण आवास योजना को नई दिशा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सत्यम महामंत्री नियुक्त संगठन को मिलेगी मजबूती



**बस्तर।** संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पार्टी नेतृत्व ने भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बस्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति में भाजपा जिला युवा मोर्चा महामंत्री सत्यम झा एवं रामप्रसाद मौर्य को जिम्मेदारी दी जाने पर युवाओं में हर्ष व्याप्त है। इस घोषणा से जिले भर के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। जो संगठन में विस्तार और जन सेवा कार्यों को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला महामंत्री नवनियुक्त सत्यम झा लंबे समय से युवा मोर्चा में सक्रिय रहे। उन्होंने संगठनात्मक, कार्यों, अभियानो और युवाओं को भाजपा के विचारधारा में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भाजपा मंडल बस्तर, बकावंड, भानपुरी,जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा सहित जिले भर के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त नेताओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

### स्वयंसेवक संघ ने किया युवा संगम कार्यक्रम



**गीदम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्रभाव एवं सामाजिक दायित्वबोध को सुदृढ़ करने हेतु युवा संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा पद्धति के अनुरूप गट विभाजन कर दो समूहों में युवाओं के सत्र के साथ किया गया। इसके पश्चात संघ परिचय एवं पंच परिवर्तन विषय पर सारगर्भित सत्र आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं को संघ के विचार, कार्यपद्धति एवं सामाजिक दायित्वों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राघवेंद्र धर दीवान, विभाग प्रचारक महेंद्र नायक तथा अंकित गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग प्रचारक महेंद्र नायक ने पंच परिवर्तन विषय पर अपने उद्बोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे पंच परिवर्तन के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन, आचरण एवं व्यवहार में आत्मसात करें, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सके।

### देगमेटा में जल जीवन मिशन की सफलता

**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत फुलगट्टा के आश्रित गांव देगमेटा में कभी पीने के स्वच्छ पानी की भारी समस्या थी। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज़ से पानी लाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। गर्मियों में स्थिति और भी विकट हो जाती थी। जल–जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर 16 जनवरी को ग्राम देगमेटा में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, जल समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाज : कर्मा परिवार का प्रथम संभाग स्तरीय महासम्मेलन

# संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और एकता का दिया सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

ग्राम पंचायत दुगेली की पावन धरती पर 1 फरवरी को हुंगा देव, हुंगा मुयतोर, गुज्जे डोकरी तथा हुंगा मुद्दे मुयो की कृपा से समस्त कलमूम (कर्मा) परिवार का संभाग स्तरीय

■ बस्तर सहित पांच जिलों व तीन राज्यों से पहुंचे समाजजन

महासम्मेलन (मिलन समारोह) भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन करसाड़ मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

इस महासम्मेलन में बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा जिलों के साथ-साथ ओड़िशा, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों से भी कलमूम (कर्मा) समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यह आयोजन समाज के इतिहास में प्रथम संभाग स्तरीय मिलन समारोह के रूप में यादगार बन गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम पेन पुजारी द्वारा आंगा देव हुंगा मुईतोर, गुज्जे



यायो, हर्षा हुँगी एवं मुददे मूयो की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात समाज की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया गया। महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग सहित अन्य जिलों में निवासरत कलमूम (कर्मा) परिवारों को संगठित करना, समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, नशामुक्त समाज का निर्माण, तथा सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देना रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की पहचान उसकी संस्कृति और एकता से होती है, जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि हमारी संस्कृति और सभ्यता सुरक्षित रह सके।

इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रमुख रूप से मांझी अर्जुन कर्मा, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश कर्मा, सामाजिक सलाहकार अधिवक्ता सत्यनारायण कर्मा, पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, पीसीसी सदस्य छबिंद्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, पूर्व जनपद सदस्य मुकेश कर्मा, ग्राम पंचायत दुगेली के सरपंच विजय कर्मा, साथ ही समाज के पूजनीय पेरमा, गायता, पटेल, कोटवार एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। समस्त कलमूम (कर्मा) परिवार के नेतृत्व में आयोजित यह महासम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और समाज में नई ऊर्जा, एकता और दिशा का संदेश देकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।

# भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट भाषण का किया श्रवण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

चित्रकोट विधानसभा लोहंडीगुड़ा मंडल के भाजपा कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 भाषण का श्रवण किया। यह ऐतिहासिक बजट कर्तव्य भवन में तैयार किया गया पहला बजट है। यह बजट जन-आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए सार्वजनिक निवेश, सुदृढ़ वित्तीय तंत्र, कृषि-ग्रामीण सशक्तिकरण, उद्योग और रोज़गार सृजन को गति देकर आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। जब आम नागरिकों को अधिक सुविधाएं, अवसर और आधारभूत संरचना मिलेगी, तब विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचेगा और निश्चित ही हमारे छत्तीसगढ़ को विकास की नई संभावनाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से सतत प्रगति कर रही है। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ तैयार यह बजट आयुष, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, जलमार्ग, हाई-स्पीड रेल, मेडिकल टूरिज्म, बायोफार्मा निवेश तथा शहरी-ग्रामीण आधारभूत ढांचे के विस्तार से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में सशक्त कदम है।

बजट लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में पूर्व विधायक लच्छु कश्यप, मंडल प्रभारी नारायण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ बसंत कश्यप, नरसिंह ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष सीताराम मांडवी, सरपंच गढ़िया भरत कश्यप, सरपंच मटनार डोमूराम कश्यप, धुरागांव, सरपंच गुड्डू कश्यप, पारापुर सरपंच हान्दो राम, मांदर सरपंच पति डिब्बो राम, गढ़दा सरपंच सुकरू मंडावी, सुदरू सेठिया, अजय बघेल, निरंजन बघेल, धनसिंन ठाकुर, चैतन ग्वाल, लखन ठाकुर, मुन्ना कश्यप, दुष्यंत कश्यप, करन सेठिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा राज में नशाखोरी चरम पर जिला बना शराब का गढ़ : तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने जिले में तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार को लेकर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा हाल ही में बड़ी मात्रा में शराब की जप्ती यह साफ संकेत देती है कि जिले में अवैध शराब की लगातार और संगठित सप्लाई हो रही है, जिसे रोकने में शासन-प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। तुलिका कर्मा ने कहा कि यदि जिले में शराब की सप्लाई नहीं हो रही होती,तो इतनी बड़ी मात्रा में जप्ती का सवाल ही नहीं उठता। यह पूरे नेटवर्क की ओर इशारा करता है,जिसमें कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।



■ जिले में बेलगाम होता जा रहा नशे का कारोबार

उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। वहीं इस मामले में गौर करने वाली बात यह है कि जप्त की हुई शराब से भरी गाड़ी मध्यप्रदेश से आई हुई थी। करीब एक हजार किलोमीटर चलकर आई गाड़ी की कहीं कोई चेकिंग नहीं हुई। मध्यप्रदेश से लेकर दंतेवाड़ा तक कितने थाने पड़ते हैं पर किसी की नजर इस गाड़ी पर नहीं पड़ी इससे पता चलता है कि हमारी कानून व्यवस्था कितनी लचर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस जैसे पावन अवसर पर भी प्रदेशभर में शराब की बिक्री जारी रहना बेहद शर्मनाक है। यह घटना बताती है कि भाजपा सरकार को न तो गांधीजी के आदर्शों की चिंता है और न ही समाज के नैतिक मूल्यों की। गांधीजी ने जीवन भर नशामुक्त समाज की बात की,लेकिन आज उन्हीं के बलिदान दिवस पर सरकार शराब बेचकर मुनाफा कमाने में जुटी रही। भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि उनके शासनकाल में अवैध शराब का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। सरकार ने बजट में नए शराब दुकानों को मंजूरी देकर यह साफ कर दिया है कि उनका असली एजेंडा युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलना है। इससे न केवल युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है, बल्कि आदिवासी अंचलों में सामाजिक ताना-बाना भी टूट रहा है। तूलिका ने कहा कि भाजपा सरकार राजस्व के नाम पर शराब को बढ़ावा दे रही है, जबकि इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर आंख मूंदे बैठी है। नशे की वजह से अपराध बढ़ रहे हैं, पारिवारिक कलह हो रही है और युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। तुलिका कर्मा ने सरकार से मांग की कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए ठोस नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।



# जल-जंगल-जमीन बोलने से नहीं बचाने से अपने होते हैं: अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा वनमण्डल अंतर्गत नीलाम हॉल काष्ठागार डिपो आवरा भाटा में तेंदूपत्ता शाखकर्तन, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं आग से वनों की सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, कार्यक्रम अध्यक्ष सीसीएफ जगदलपुर वृत्त आलोक तिवारी, डीएफओ दंतेवाड़ा रंगनाधा राधाकृष्णा वाय, प्रशिक्षु डीएफओ परख सरडा, एसडीओ गीदम एवं दंतेवाड़ा, रेंजर, प्रबंधक, फड़मुंशी, जनप्रतिनिधि तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीसीएफ जगदलपुर वृत्त आलोक तिवारी ने कहा कि जंगल को आग से बचाना हम सभी का मुख्य कर्तव्य है।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विगत वर्षों के आंकड़ों के आधार पर सभी सर्किलों को एबीसी ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किन क्षेत्रों में आग से अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने सभी बिटों में 24 घंटे अग्निशमन मशीन तैनात रखने के निर्देश भी दिए। विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए तीखे शब्दों में कहा कि सिर्फ जल-जंगल-जमीन को अपना कह देने से कुछ नहीं होगा, यह साबित करना पड़ेगा कि वह हमारे हैं और यह तभी साबित होगा जब हम उन्हें बचाएंगे। उन्होंने तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं तेंदूपत्ता संग्रहण के महत्व को बताते हुए कहा कि जंगल और जंगल से मिलने वाले वनोपज के बिना बस्तर वासियों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। जंगल को सहेजना हम सभी का सर्वोपरि दायित्व है।

### आपसी समन्वय से सफल होगा तेंदूपत्ता सीजन

कार्यक्रम के समापन पर डीएफओ रंगनाधा राधाकृष्णा वाय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विगत वर्षों की भांति उच्च गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहण करने तथा वनाग्नि रोकथाम हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### 35 वर्षों की सेवा के बाद वनपाल दी गई विदाई

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग में 35 वर्षों से अधिक सेवा देने वाले वनपाल अक्षय लाल पटेल के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सीसीएफ ने कहा कि पटेल का कार्यकाल वन विभाग के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा और उनके द्वारा किए गए कार्य आदर्श के रूप में याद किए जाएंगे।

### गरीबों के अधिकारों से नहीं होगा समझौता : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

करपावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतगिरी में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर, पंचायत प्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में जन जागरण करना रहा।

# 10 वर्षों से पीड़ित युवक को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला अस्पताल बीजापुर में चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। ग्राम केरपे निवासी 30 वर्षीय रमेश कुमार वॉचम, जो विगत लगभग दस वर्षों से गले में गांठ की समस्या से पीड़ित थे, का थायरॉइड ग्रंथि में विकसित गांठ का सफल शल्य उपचार जिला अस्पताल में किया गया।

■ जिला अस्पताल बीजापुर में थायरॉइड गांठ का सफल ऑपरेशन

कान-नाक-गला विशेषज्ञ के परामर्श एवं विस्तृत जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मरीज की समस्या थायरॉइड ग्रंथि से संबंधित है। आवश्यक सभी जांचें जिला अस्पताल में ही पूरी की गईं, जिसके उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शल्यक्रिया का निर्णय लिया।

# 25 लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्त में



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्रमा पीव्ही 107 शक्तिनगर इरपानार में छापामार कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब 25 लीटर एवं नगद एक हजार रूपएं को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) अबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब बेचने के कार्य में संलिप्त है। मिली जानकारी के आधार पर आरोपी पीव्ही 107 शक्तिनगर इरपानार निवासी 38 वर्षीय विधान अधिकारी पिता कृष्णपद अधिकारी को पकड़ा गया।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता उदे सिंह कोड़ोपी (UDE SINGH KODOPI) पिता जलसिंह कोड़ोपी (JALSINGH KODOPI), उम्र 71 वर्ष, निवासी-22, ग्राम-भैसमुडी, पोस्ट- धनेसरा तहसील-सरोना, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) 494335 का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

01. यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूँ ।।
02. यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक- 7331 86694632 में मेरा नाम उदेराम कोड़ोपी (UDERAM KODOPI) अंकित है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।
03. यह कि मेरा मतदाता परिचय पत्र में नाम उदे सिंह कोड़ोपी (UDE SINGH KODOPI) दर्ज है, जो सत्य एवं सही है
04. यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम उदे सिंह कोड़ोपी (UDE SINGH KODOPI) को शासकीय ग़जट में प्रकाशन करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि कंडिका 01 से 04 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 26/11/2025 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित कर दिया हूँ।

स्थान-कांकेर
दिनांक 26/11/2025

शपथकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार, भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202512140100003/अ-21/2025-26
वाद ग्राम-पुत्तरवाही, पटवारी हल्का क्रमांक 10, श्रीरागांव

**// आम ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम पुत्तरवाही के आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जा रहा है कि आवेदक चिंताराम पिता घासीराम अमला बाई पति चिंताराम जाति गांडा निवासी ग्राम पुत्तरवाही तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा शासन से आबंटित भूमि ग्राम पुत्तरवाही पटवारी हल्का नम्बर 10 तहसील भानुप्रतापुर में स्थित खसरा नम्बर 24 रकबा 2.00 हेक्टयर में से 0.40 हेक्टयर या 1.00 एकड़ है, को बैंक कर्जा चुकाने हेतु रुपयों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता रामाधार दुग्गा पिता श्याम सिंह जाति गांडा निवासी ग्राम पुत्तरवाही तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के **पास** 5,50,000.00 (पांच लाख पचास हजार) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छ) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त संबंध में विक्रय अनुमति दिये जाने हेतु जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी तिथि **06.02.2026** को या इसके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक **23.01.2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सिरसिदा मानसगान सम्मेलन हुआ संपन्न



**कांकेर।** सिरसिदा, खरथा, मूड़खुसरा एवं उड़कुड़ा के तत्वाधान में सिरसिदा में आयोजित त्रि-दिवसीय मानस गान सम्मेलन 1 फरवरी को समाप्त हुआ, इसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 मानस गान मंडलियों ने सहभागिता निभाई। मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर मानस गान एवं रामकथा ने जनमानस को श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा। इस पावन अवसर पर यादों राम साहू, कन्हैया सिंह ठाकुर, कैलाश कोवाची, टिकेश साहू, कृति साहू, राजू साहू, राजकुमार कोमरा, पुरुषोत्तम साहू, युगल साहू, मुकेश्वर साहू, भुवन कोवाची, गौकरण सलाम, श्रीमती सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### जिपं की सामान्य सभा अब 05 फरवरी को

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 05 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष की अध्यक्षता में 04 फरवरी आयोजित होना था, जिसे संशोधित करते हुए अब 05 फरवरी गुरूवार को नियत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### कोचिए से छह लीटर महुआ शराब जब्त

कांकेर। कोरर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए कन्हारपुरी निवासी 30 वर्षीय निर्मल पोटाई पिता बंधन सिंह के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अपने कब्जे में 1 फरवरी को अवैध रूप से महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भावगीर नवांगांव निवासी 55 वर्षीय देवनाथ उईके पिता सोमराम उईके ने 31 जनवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। भावगीर नवांगांव निवासी 42 वर्षीय अमर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान हल्बा चौकी अंतर्गत कुरूभाट निवासी 19 वर्षीय विमल नायक पिता अनिल नायक का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक केश्काल घाटी के नीचे सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के दौरान 1 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### तुलसी राम पुड़ो

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम सुखई निवासी 65 वर्षीय



ग्राम गायता तुलसी राम पुड़ो का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुखई में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी रिश्तेदार शामिल हुए।

---

### बंधाई कार्य हरसाल होता है पर कुछ वर्षों से मजदूरी का भुगतान लंबित

# चवेला एनीकट की बंधाई की मजदूरी के लिए श्रमिक पहुंचे कार्यालय पर नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



संबलपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को जल संसाधन विभाग के कार्यालय पहुंचकर विभाग में लंबित मजदूरी भुगतान और अन्य अनियमितताओं का खुलासा किया। चवेला एनिकट में हर वर्ष बँधाई कार्य किया जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मजदूरी का भुगतान लंबित है। मीडिया के साथ जब ग्रामीण पहुंचे, तो विभाग के कर्मचारी किसी भी तरह की जानकारी देने से बचते रहे।

जानकारी मिलते ही विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की और फोन पे के माध्यम से 3,500 रुपए मजदूरों के खाते में भेज दिए गए, ताकि यह राशि मेले से पहले उन्हें मिल सके। इससे पहले भी जनकपुर, मिर्चीपारा और डोंगरगाँव में मनरेगा के तहत लाइनिंग और वाटर कोर्स लाइनिंग कार्यों में मजदूरी लंबित होने की शिकायतें आई थीं। विभाग ने इन मामलों में भी नगद भुगतान कराया। विभाग के अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी करते हुए मजदूरों और मटेरियल सप्लायरों को भी सीधे नगद भुगतान किया। संबलपुर के ग्रामीण रूपेश निषाद, देवल और अन्य ने बताया कि वे हर वर्ष डेम के गेट चढ़ाना-उतारना और बँधाई कार्य करते हैं, लेकिन भुगतान अब तक नहीं हुआ था। सोमवार को जब वे कार्यालय पहुंचे, तो एसडीओ मौजूद नहीं थे। कर्मचारियों ने केवल यह कहा कि साहब से बात की जा रही है। थोड़ी ही देर में रूपेश निषाद के खाते में 3,500 रुपए भेज दिए गए, जिसके बाद सभी ग्रामीण लौट गए। इसी तरह डोंगरगाँव के ग्रामीणों को 70,000 रुपए, जनकपुर के ग्रामीणों को 34,000 रुपए, मिर्चीपारा के ग्रामीणों को 16,000 रुपए तथा ट्रैक्टर मालिक और मटेरियल सप्लायरों को भी नगद भुगतान किया गया। यह सवाल भी उठता है कि राशि का भुगतान किस मद से किया जा रहा है। मनरेगा के कार्यों में तो खाते में भुगतान का प्रावधान है, फिर मजदूरों को नगद भुगतान क्यों किया जा रहा है और विभाग ने अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही क्यों नहीं की? कहीं यह दोषियों को बचाने की कवायद तो नहीं है? जनकपुर के ग्रामीणों ने जब मजदूरी लंबित होने की शिकायत एसडीएम और एसडीओ जल संसाधन विभाग को की, तो आवेदन में स्पष्ट लिखा था कि जेसीबी से पुलिया हेतु गड्ढा खोदा गया, नाली बनाई गई और केनाल में मुरुम डाला गया। ट्रैक्टर और डोजर से खेत के मेड़ हटाए गए। मीडिया में यह आवेदन आने के बाद विभाग ने तुरंत सभी का नगद भुगतान कर दिया और मजदूरों से यह लिखवाया कि मशीनों का प्रयोग नहीं किया गया। भोले-भाले ग्रामीणों ने भुगतान पाकर पंचनामे पर हस्ताक्षर कर दिए। मिर्चीपारा के दिलीप कोरेटी और चिंताराम ने बताया कि अधिकारियों ने नगद भुगतान का आश्वासन देकर नहर में मरम्मत कार्य कराया, जिसके 16,000 रुपए भुगतान किए गए। इसी तरह, ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच राम प्रसाद कावड़े ने बताया कि एसडीओ ने 25,000 रुपए एडवांस दिए और 70 ट्रिप रेत जनकपुर के नहर लाइनिंग कार्य में गिरवाई गई। शेष राशि 45,000 रुपए शिकायत के बाद दी गई।

---

# बस की ठोकर से बाइक सवार दो की मौत और दो बच्चे गंभीर

### पंडरीपानी पुल पर दर्दनाक सड़क हादसा पिता व पुत्र की मौत और दो बेटियां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय कांकेर में शनिवार 31 जनवरी की देर शाम एक दिल

- तेज रफ्तार सवारी बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी




दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। शराब दुकान के पहले पंडरीपानी पुल के पास तेज रफ्तार सवारी बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार पिता और उसके दो वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो नन्हीं बेटियां गंभीर

बस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 3690 रायपुर से कांकेर बस स्टैंड की ओर जा रही थी, वहीं बाइक चालक बरदेभाटा से कांकेर शहर की ओर आ रहा था। बाइक पर हाटकोंगेरा निवासी 45 वर्षीय मुकेश मंडावी पिता श्रीराम मंडावी, अपने तीन बच्चों लिशा मंडावी (07 वर्ष), दुर्गेश्वरी मंडावी (05 वर्ष) और खिलेश मंडावी (02 वर्ष) के साथ



गति से वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी गई, जिससे यह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बायपास रोड स्थित पंडरीपानी शराब भट्ठी के पास दूधनदी पुल पर शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम हाटकोंगेरा निवासी 22 वर्षीय अभिषेक मंडावी ने पुलिस को बताया कि बड़े भाई मुकेश मंडावी अपने बच्चों खिलेश मंडावी, लीशा मंडावी एवं दुर्गेश्वरी मंडावी के साथ मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 8312 से ग्राम बेवरती गए थे, वहां से लौटते समय जैसे ही वे कांकेर मिनी बायपास रोड पर पंडरीपानी शराब भट्टी के सामने दूधनदी पुल के पास पहुंचे, तभी पंडरीपानी चौक की ओर से आ रही महेंद्र बस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 3690 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटर सायकल सवार मुकेश मंडावी और उनके पुत्र खिलेश मंडावी के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि लीशा मंडावी एवं दुर्गेश्वरी मंडावी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें लगीं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मुकेश मंडावी और खिलेश मंडावी को मृत घोषित कर दिया, वहीं लीशा और दुर्गेश्वरी का इलाज अस्पताल में जारी है। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

---

# विद्युत विभाग के रजत महोत्सव में पीएम सूर्य घर बिजली योजना की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत विद्युत विभाग वितरण केंद्र दमकसा के द्वारा रजत महोत्सव का आयोजन ग्राम बरहेली में किया गया।

रजत महोत्सव के दौरान विकास राजू नायक ने कहा कि रजत महोत्सव हमारे राज्य की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है। बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह चमत्कार केंद्र सरकार की सौभाग्य योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना सहित मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना का नतीजा है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कमी से न ही उद्योगों के विकास रुकेंगे और न ही सिंचाई रुकेगी और न ही गांव अंधियारे में रहेंगे। यह विकास बस्तर को आत्मनिर्भर बनाने के साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मिसाल बन रहा है। आने वाले वर्षों में नवीकरण ऊर्जा पर जोर के साथ यह रोशनी और दूर तक चमकेगी। पीलम नरेटी ने कहा कि बस्तर क्षेत्र की यह दुर्गूकोंदल की पावन धरा अब सिर्फ जंगलों और आदिवासी संस्कृति की गवाह नहीं रह गई, बल्कि बिजली की रोशनी हर गांवों में पहुंची है। पिछले पच्चीस वर्षों में विद्युत विभाग ने ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में जो छलांग लगाई है, वह किसी क्रांति से कम नहीं है। देवेंद्र टेकाम ने रजत महोत्सव के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लाखों घरों को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाकर भारत के ऊर्जा परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदलने के लिए तैयार है। मार्च 2025 तक सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना 10 लाख से अधिक होने की उम्मीद है , जो अक्टूबर 2025 तक दोगुनी होकर 20 लाख हो जाएगी, मार्च 2026 तक 40 लाख तक पहुंच जाएगी और अंततः मार्च 2027 तक एक करोड़ के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। इस अवसर पर सहायक कार्यपालन अभियंता उत्तम कुमार यदु, दमकसा कनिष्ठ अभियंता रजनी बारले, भानुप्रतापपुर कनिष्ठ अभियंता तामेश्वरी मारसकोले, अटोनी कुजूर, कोरर कनिष्ठ अभियंता चोलेश्वर उसेंडी, लाइनमेन संदीप नेताम, टीएस नरेटी, रोशन मालेकर, छबिलाल कोर्राम, मनीष देहारी सहित ग्रामवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

---

### बांगाबारी के बूढ़ा तालाब में मिली युवती की लाश



**बासनवाही।** चौकी दुधावा अंतर्गत 2 फरवरी सोमवार को ग्राम बांगाबारी स्थित बूढ़ा तालाब में लगभग 20 वर्षीय युवती का शव तैरते हुए दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नेहा वट्टी पिता कलश वट्टी के रूप में की गई है। शव मिलने कि जानकारी दुधावा चौकी पुलिस दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सारवंडी मर्च्युरी भेज दिया गया। दुधावा चौकी प्रभारी योगेंद्र वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

---

# ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने एकल अभियान की पहल कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम तमोडा में आयोजित आरोग्य शिविर ने न केवल ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया, बल्कि अंतिम गाँव के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के संकल्प को भी साकार किया। शिविर में 210 ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया।

- शिविर में 210 ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया

तमोडा में भानुप्रतापपुर अंचल कांकेर विद्यालय परिसर में एकल अभियान के तत्वावधान में आरोग्य शिविर एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ करना था। खंड चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 210 ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ पोषण, स्वच्छता एवं दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर से लाभान्वित ग्रामीणों ने एकल अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र टेकाम, सदस्य जिला पंचायत कांकेर ने अपने संबोधन में कहा कि एकल अभियान का मूल उद्देश्य अंतिम गाँव के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से जमीनी स्तर पर सकारात्मक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि एकल अभियान दूरदराज गांवों में मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, गांव के शिक्षित युवाओं को आचार्य (शिक्षक) के रूप में रोजगार व प्रशिक्षण, बच्चों में नैतिक मूल्य, स्वच्छता एवं भारतीय संस्कृति के विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य, जैविक खेती, नशा मुक्ति एवं ग्राम स्वराज जैसे अभियानों को भी बढ़ावा दे रहा है, जिससे एकल अभियान ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है।

इस अवसर पर विकास राजू नायक, सरपंच दुर्गा धनसिंह ध्रुव, उपसरपंच रमेश सलाम, आरोग्य प्रभारी ऋषि कुमार भुआर्या, संस्कार शिक्षा अध्यक्ष हर्षा कोठारी, सचिव पदमनी साहू, सचिव लुकेश भुआर्या, प्रीतम कुलदीप, लोकनाथ प्रधान, मनोज बघेल, किशोर बघेल, सुकदु दर्रो, सत्तर सलाम, निर्मल नेताम, प्रेम कोमरा, कौशल्या दर्रो, सूलेश्वरी उसेंडी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# पुलिस रेड में तीन हजार नकद जब्त और 5 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के नरहरपुर थाना अंतर्गत चौकी दुधावा क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 1 फरवरी को ग्राम धनोरा के नहर-नाली क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी खुड़खुड़िया जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके से नकद रकम सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त किया।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम धनोरा के नहर-नाली के पास कुछ लोग अधिक पैसे का लालच देकर खुड़खुड़िया चार्ट बिछाकर जुआ खेल रहे हैं। मिली जानकारी कि तस्दीक के बाद गवाहों को बुलाकर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर कई जुआरी मौके से फरार हो गए, जबकि पांच आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मदनलाल नेताम, संतोष कुमार सिन्हा, कुमेश्वर भास्कर, महेन्द्र यादव और बिसन दास मानिकपुरी बताए। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से कुल 3 हजार 140 रुपएं नगद, एक प्लास्टिक डिब्बा, खुड़खुड़िया चार्ट तथा छह प्लास्टिक गोटियां बरामद की गईं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 (क) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तारी की।

---

# शहीद कंगलू कुम्हार की पुण्यतिथि पर पहुंचे पूर्व सीएम बघेल का किया स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद कंगलू कुम्हार की पुण्यतिथि के अवसर पर 2 फरवरी को दुर्गुकोंदल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल एवं विभिन्न कांग्रेस संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहीद कंगलू कुम्हार के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूरे आयोजन में देशभक्ति, संगठनात्मक एकता और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे दुर्गुकोंदल का यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम यादगार बन गया। पूरे क्षेत्र में भूपेश बघेल जिंदाबाद और सावित्री मनोज मंडावी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, सेवा दल एवं आईटी सेल के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर नेताओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर ,



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। स्वागत कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनेश नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कोला, राम गावड़े, जनपद सदस्य सविता ऊईके, अमिता ऊईके, रूमा राय, हीरोतीन, रघु गोस्वामी, महत्तम दुग्गा, गन्नू सिंहा, राजू सांगोडिया, हृदय बघेल, अनूप दीवान, लतीफ ध्रुव, विनोद राणा, सिया दरो, केसर शोरी, नंदकिशोर नेताम, मुन्ना सिंहा, नीरज कोसमा, सियाराम पोटाई, भुनेश नरेटी, जीतू नरेटी, हीरालाल कोमरा, पूरन बघेल, दयालूराम कोराम, नंदू कुलदीप, नंदू नेताम, उदय पुरामें, घनश्याम ठाकुर, नर्सु हिड़को, चैन सिंह, दीनदयाल पटेल, लच्छू राम नरेटी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

---

### बाइक की टक्कर से हुई थी मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हाटकर्रा के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 17 जनवरी को मृतक वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 5108 में कोरर से अपने साढ़ू रामबाबू मंडावी के साथ निज ग्राम बनोली वापस जा रहे थे। वाहन को संजय पोटाई चला रहा था। ग्राम हाटकर्रा से आगे सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 यू 8818 के चालक द्वारा सामने से तेजगति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मृतक संजय पोटाई के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल



चालक संजय पोटाई व पिछे बैठा रामबाबू मंडावी मोटर सायकल सहित पुल के निचे गिर गए। संजय पोटाई के सिर में गहरा चोंट व पीछे बैठा रामबाबू मंडावी के हाथ, पैर, सिर में चोट लगा। गंभीर चोट के कारण संजय पोटाई कि मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 यू 8818 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनण के तहत मामला दर्ज विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दसपुर मोड़ पर दो बाइक की भिड़ंत दो घायलों में एक की हालत गंभीर

**कांकेर ।** दसपुर मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में लापरवाही से वाहन चलाना एक बार फिर दो युवकों के लिए जानलेवा साबित होते-होते रह गया। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी को भी चोटें आईं। पीड़ित परिवार की शिकायत पर अब पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराने पहुंची भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रानवाही निवासी 27 वर्षीय दीपिका गावड़े पिता पवन गावड़े ने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी को उसका भाई अभिषेक गावड़े अपने दोस्त युवराज रामटेके के साथ मोटरसायकल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5669 में सवार होकर दुधावा से कांकेर की ओर आ रहा था।



शाम करीब साढ़े पांच बजे जब दोनों ग्राम दसपुर मोड़ के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही मोटरसायकल क्रमांक सीजी 19 बी 8011 के चालक ने तेज गति, लापरवाही एवं उतावलेपन से वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे में अभिषेक गावड़े के आंख, कान, सिर, छाती, कंधा, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, वहीं उसके साथ सवार युवराज रामटेके के आंख और पैर में चोटें लगीं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया गया। पीड़िता दीपिका गावड़े ने बताया कि भाई के इलाज में व्यस्त होने के कारण वह तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। इलाज की प्रक्रिया के बाद 1 फरवरी को थाना कांकेर पहुंचकर उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने आरोपी मोटरसायकल चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।




कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411